INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Month- May-2026
Q. Bank & Grammar	Topic: साहसी नीलू (कहानी)	Note: Pls. check with your class work

अति लघु प्रश्न-उत्तर

Q.1- नीलू का वास्तविक नाम क्या था?
A. नीलू का वास्तविक नाम नीलिमा था|

Q.2- नीलू किस गाँव की रहने वाली थी?
A. नीलू सराईखेत गाँव की रहने वाली थी|

Q.3- नीलू किसकी लड़की थी?
A. नीलू सराईखेत गाँव के मुखिया की लड़की थी|

Q.4- गाँव में क्या बात सामान्य हो गई थी?
A.बाघ द्वारा छोटे-छोटे जानवरों को मारकर उठा ले जाना गाँव में सामान्य बात हो गई थी।

Q.5- जब भालू आया तो गाँव के लोग कहाँ थे?
A. जब भालू आया तो गाँव के लोग लकड़ियाँ लेने जंगल गए थे और गाँव की औरतें खेतों में काम करने गई थीं।

Q.6- नीलू कनस्तर पीटकर क्या करना चाहती थी?
A. नीलू कनस्तर पीटकर जंगली भालू को डराना चाहती थी।

Q.7- गाँव के लोग नीलू को साहसी क्यों मानते थे?
A. गाँव के लोग नीलू को साहसी मानते थे क्योंकि वह गाँव में घुस आए छोटे-मोटे हिंसक जंगली जानवरों को दराँती लेकर ही भगा देती थी|

लघु प्रश्न-उत्तर

Q.1-गाँववाले लकड़ियाँ काटकर क्यों रख लेते थे?
A. दिसंबर-जनवरी में भारी हिमपात होता था। इस दौरान घर के बाहर का सारा जीवन रुक-सा जाता था। उन दिनों की भीषण ठंड से बचने का एकमात्र सहारा आग होती थी। इसलिए गाँव वाले हिमपात से काफी पहले लकड़ियाँ काटकर रख लेते थे।

Q.2-सराईखेत गाँव की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए।

A. सराईखेत गाँव पहाड़ की तलहटी में बसा था। गाँव के चारों तरफ चीड़ के घने पेड़ थे इनके बीच में लगे देवदार के लंबे-ऊँचे वृक्ष गाँव की सुंदरता बढ़ाते थे। साथ ही अप्रैल में बुराँस के लाल फूलों के खिलने से गाँव की शोभा और बढ़ जाती थी।

Q.3-नीलू ने भालू के हमले का सामना कैसे किया? अपने शब्दों में लिखिए।

A. जब भालू ने नीलू पर हमला किया तो उसने एक तरफ हटकर स्वयं को बचा लिया। जब भालू दोगुने वेग से नीलू पर दुबारा झपटा तब नीलू ने उसकी तरफ कनस्तर का खुला सिरा कर दिया, जिसमें भालू का सिर फँस गया। इस प्रकार नीलू ने भालू के हमले का सामना किया।

Q.4-नीलू ने भालू की परेशानी का क्या हल निकाला?

A. नीलू ने देखा कि कनस्तर में फँसा होने के कारण भालू को साँस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। उसने भालू को इस परेशानी से मुक्त करने के लिए कुल्हाड़ी से कनस्तर का एक सिरा काट दिया, जिससे उसे ताज़ी हवा मिल सके।

व्याकरण भाग

संज्ञा की परिभाषा

संज्ञा किसे कहते हैं- किसी भी व्यक्ति, वस्तु, जाति या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।

जैसे - मनुष्य (जाति), अमेरिका, भारत (स्थान), किताब, टेबल(वस्तु) आदि।

संज्ञा के भेद (Types of Noun)

संज्ञा के पांच भेद माने जाते हैं

1- व्यक्तिवाचक संज्ञा

2- जातिवाचक संज्ञा

3- भाववाचक संज्ञा

4- समूहवाचक संज्ञा

5- द्रव्यवाचक संज्ञा

यहाँ हम केवल व्यक्तिवाचक संज्ञा के बारे में जानेंगे

व्यक्तिवाचक संज्ञा- जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, विशेष स्थान और विशेष वस्तु के नाम का बोध होता है, वह शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाता है।

जैसे -

व्यक्ति - भगत सिंह, महात्मा गाँधी, सचिन तेंदुलकर इत्यादि।

स्थान - दिल्ली, गोवा, मुंबई,शिमला इत्यादि।

इमारत का नाम - ताजमहल, लालकिला, हवा महल इत्यादि।

व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण (Examples) -

1- राहुल स्कूल जाता है।

2- ताजमहल सात अजूबों में से एक है।

3- जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।

4- शिमला एक पर्यटन स्थल है।

5- **दिल्ली भारत** की राजधानी है|

6- हमारे देश में **गंगा** नदी बहती है|

इन पंक्तियों में राहुल, ताजमहल, शिमला और जवाहर लाल नेहरू गंगा आदि शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं क्योंकि ये शब्द विशेष व्यक्ति, स्थान व वस्तु के बोधक हैं।

प्र- दिए गए वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए |

1- नीलिमा मुखिया की बेटी थी|
2- सराईखेत पहाड़ की तलहटी में बसा एक गाँव था|
3- सूरज हमें रोशनी देता है |
4- हम सब धरती पर रहते हैं |
5- हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है |
6- हमारे देश का नाम भारत है |
7- गंगा एक पवित्र नदी है |
8- हमारी पुस्तक का नाम अबीर है |
9- हमारे विद्यालय का नाम भारतीय विद्यालय वादी कबीर है |
10- हम मस्कट शहर में रहते हैं |

मुहावरे

प्र- दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर उचित वाक्य बनाइए|

1- नौ दो ग्यारह होना (भाग जाना) - पुलिस को देखते ही चोर नौ दो ग्यारह हो गया|
2- चहल-पहल होना (रौनक होना)- दीवाली के कारण आज बाजार में चहल-पहल है|
3- आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना) - ठग यात्री की आँखों में धूल झोंककर उसका सामान लेकर भाग गया।
4- घोड़े बेचकर सोना (बेफिक्र होना)-परीक्षा के बाद बच्चा घोड़े बेचकर सो गया|
5- कमर कसना (चुनौती के लिए तैयार रहना) - भारतीय सैनिक हर संकट के लिए कमर कसे रहते हैं |

6- आकाश-पाताल एक करना (बहुत परिश्रम करना) - आकाश-पाताल एक करके ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं|

7- धब्बा लगाना (कलंकित करना) - राजू ने चोरी करके अपने परिवार पर धब्बा लगा दिया|

8- दाँत खट्टे करना- (हराना) - रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।

---xxx---